@Fair Report @Fair_report @fairreportnews @Fair report

# FAIR REPORT

THE DAWN OF A FEARLESS PEN

Jaipur, Tuesday, 16 June 2026 | PRGI No. - RNI- RJBIL/25/A1808| Vol 1 | Issue No.- 270 Pages 04 | ₹3.00

## India Eyes Central Europe Pivot

# MODI-FICO MEET SIGNALS NEW GEOPOLITICAL PUSH

FAIR REPORT



**Bratislava:** In a significant diplomatic outreach aimed at deepening India's footprint in Central Europe, Prime Minister Narendra Modi on Monday held talks with Slovak Prime Minister Robert Fico at the historic Bratislava Castle, underscoring a shared commitment to strengthen bilateral ties amid rapidly shifting global geopolitical equations.

Expressing gratitude for the warm reception, Modi said India and Slovakia would continue working together to elevate their partnership across multiple sectors. The meeting comes at a time when New Delhi is actively expanding strategic and economic engagement with European nations beyond the continent's traditional power centres.

The discussions are understood to have focused on enhancing cooperation in trade, technology, defence manufacturing, innovation, energy security and skilled workforce exchanges. For India, Slovakia's growing industrial base and strategic location in the heart of Europe offer opportunities to deepen access to European markets and supply chains. The symbolism of the meeting at Bratislava Castle was hard to miss. As global alliances undergo recalibration amid the Russia-Ukraine conflict, economic uncertainty and technological competition, India is seeking stronger partnerships with countries that can contribute to its long-term economic and strategic objectives. Analysts view the Modi-Fico engagement as part of New Delhi's broader European strategy, which increasingly emphasizes diversified partnerships across the continent. While no major agreements were announced immediately, the optics were clear: India is widening its diplomatic reach, and Slovakia is emerging as a potentially important partner in New Delhi's expanding European playbook.

## Black Market Crackdown, Digital Tracking of Fertilisers: Rajasthan CM Pushes Natural Farming Drive

FAIR REPORT



**Jaipur:** In a decisive move aimed at reforming agricultural practices and tightening oversight of fertiliser distribution, Rajasthan Chief Minister Bhajan Lal Sharma has directed officials to establish a comprehensive online monitoring system for fertiliser usage while launching a statewide push towards natural and organic farming.

Chairing a high-level review meeting at the Chief Minister's residence, Sharma instructed the Agriculture and Cooperation Department to maintain digital records of fertiliser distribution and consumption to ensure balanced usage across the state. The Chief Minister also ordered stringent action against black marketing, hoarding, and illegal storage of fertilisers, signalling a zero-tolerance approach towards practices that disrupt supply chains and hurt farmers.

Emphasising sustainable agriculture, Sharma called for extensive training of agricultural supervisors so they can effectively guide farmers towards adopting natural and organic farming methods. He stressed that reducing excessive dependence on chemical inputs and promoting environmentally responsible cultivation would be critical for enhancing long-term soil health and farm productivity.

The Chief Minister further directed officials to intensify awareness campaigns encouraging farmers to base fertiliser application on scientific soil testing rather than conventional estimates. Experts believe that soil health-based nutrient management can significantly improve crop yields while reducing input costs and environmental degradation.

The directives come at a time when concerns over fertiliser misuse, fluctuating availability, and soil degradation have emerged as key challenges for the agricultural sector. With digital monitoring, stricter enforcement, and a renewed emphasis on natural farming, the Rajasthan government is seeking to strike a balance between productivity, sustainability, and transparency in one of the state's most vital sectors.

## AI or Goodbye! China Kills 12,000 Degrees in Biggest Education Shake-Up Ever

FAIR REPORT

**Beijing:** In a move that is sending shockwaves through the global academic community, China has launched what may be the most sweeping overhaul of higher education in modern history — scrapping thousands of university programmes deemed out of sync with the AI age.

Between 2021 and 2025, Chinese universities revoked or suspended a staggering 12,200 undergraduate degree programmes while introducing 10,200 new ones, according to official education data. The unprecedented exercise has reshaped more than 30% of the country's university offerings. The message from Beijing is blunt: degrees that no longer translate into jobs are being shown the door. Among the hardest-hit disciplines are humanities, arts, foreign languages and management studies — subjects increasingly viewed as oversupplied in a labour market struggling to absorb millions of graduates. With youth unemployment remaining a major concern and artificial intelligence rapidly transforming workplaces, policymakers appear determined to align education directly with economic priorities. Replacing the discarded programmes are courses tailored to China's technological ambitions. Universities across the country are rolling out majors in artificial intelligence, robotics, advanced manufacturing and "embodied intelligence" — a cutting-edge field focused on integrating AI into physical systems and machines.

Officials say the reforms are designed to tackle two pressing challenges: graduate unemployment and the growing demand for AI-driven skills. Supporters call it a bold attempt to future-proof the workforce. Critics warn that excessive focus on technical training could weaken the broader intellectual foundations that drive creativity, culture and critical thinking.

## Jaipur Protest Turns Violent: CJP Founder Abhijeet Dipke Assaulted, Vows to Continue Campaign

**Jaipur:** A protest led by Cockroach Janta Party (CJP) founder Abhijeet Dipke at Jaipur's Shaheed Smarak took a dramatic turn on Monday when he was allegedly assaulted by unidentified individuals during the demonstration, triggering political reactions and renewed debate over examination reforms.

Videos circulating on social media appear to show a scuffle during the protest, with Dipke claiming he was slapped multiple times by unknown persons. Police officials have not yet publicly identified the alleged attackers, and investigations into the incident are underway.

## 'Khan Sir Responsible for My Brother's Death': Nepal Mystery Deepens Patna Coaching War

FAIR REPORT





**Patna/Biratnagar:** What began as an ugly turf war between two of Patna's prominent coaching institutes has now escalated into a cross-border death mystery, explosive political allegations, and a battle for public perception.

Prince Yadav, brother of Gyan Bindu Academy director Roshan Anand, was found dead under suspicious circumstances in a hotel room in Nepal's Biratnagar. Nepal Police have detained five individuals and launched an investigation. The body has been sent for post-mortem examination to establish the exact cause of death.

Prince had reportedly travelled to Nepal after being named in the June 2 Khan Global Studies firing case, a controversy that shook Bihar's coaching industry. The incident involved allegations of vandalism and gunfire outside the coaching institute run by educator Faisal Khan, popularly known as Khan Sir. The death has triggered a fresh political storm. Janshakti Janta Dal chief Tejpratap Yadav publicly alleged that Khan Sir should be held accountable, demanding a thorough investigation and justice for Prince Yadav.

The roots of the dispute lie in the June 2 confrontation, when Khan Sir accused rival coaching operator Roshan Anand of orchestrating the attack outside his institute. Roshan was subsequently arrested. However, questions emerged after police reportedly found no conclusive CCTV evidence linking the rival coaching centre to the alleged firing. A separate video later surfaced, allegedly showing shots being fired by security personnel associated with Khan Sir, leading to legal proceedings and interim bail. As investigators probe whether Prince's death was accidental, self-inflicted, or linked to the wider feud, Bihar's coaching capital finds itself at the centre of a saga that grows darker with each passing day.

# Israel Breaks Ranks With Washington: Netanyahu's Fury Threatens Fragile US-Iran Peace Push

FAIR REPORT



**Jerusalem/Washington:** As Washington and Tehran move cautiously toward what could become the most consequential diplomatic breakthrough in the Middle East in decades, a new obstacle has emerged — America's closest regional ally.

Israeli Prime Minister Benjamin Netanyahu is increasingly at odds with the contours of a proposed US-Iran agreement that seeks to lower tensions across the region. While both Netanyahu and US President Donald Trump publicly maintain that Iran must never acquire nuclear weapons, Israeli officials are said to view the emerging framework as dangerously inadequate.

At the heart of the dispute lies a fundamental question: Can Iran be trusted without being forced to completely abandon its nuclear ambitions and regional influence?

The proposed arrangement reportedly includes efforts to de-escalate conflicts stretching from Gaza to Lebanon. Yet Israel has signalled little willingness to halt military operations that it considers essential to its security. Recent Israeli strikes in Beirut and renewed exchanges with Hezbollah have underscored the fragility of any prospective ceasefire.

Israeli policymakers fear that sanctions relief and the release of frozen Iranian assets could strengthen Tehran's hand rather than moderate it. They also argue that the deal falls short of dismantling Iran's uranium-enrichment capabilities and fails to neutralise Tehran-backed armed groups operating across the region.

Complicating matters further, both Hamas and Hezbollah have rejected proposals involving disarmament, insisting that continued Israeli military pressure leaves them little room for concessions.

For the Trump administration, the agreement represents a rare opportunity to redraw the region's strategic landscape. For Netanyahu, it risks becoming a historic gamble with Israel's security.

As diplomats race against time, the Middle East once again finds itself balancing on a razor's edge — where a single missile, a single strike, or a single miscalculation could shatter months of painstaking diplomacy and plunge the region back into crisis.



FAIR RAJASTHAN
FAIR REPORT 02

प्रधानमंत्री मोदी का गरीब कल्याण का विजन हो रहा साकार, 1 जुलाई से लागू होगा 'विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण)'

# वीबी-जीरामजी : राजस्थान के लिए ₹11581 करोड़ से अधिक का ऐतिहासिक आवंटन

FAIR REPORT

जयपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शी सोच और गरीब कल्याण की भावना को साकार करते हुए विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम 1 जुलाई 2026 से पूरे देश में लागू होने जा रहा है। मनरेगा के स्थान पर लाई गई वीबी-जीरामजी योजना पूरे देश के साथ-साथ राजस्थान की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी आत्मनिर्भर, समावेशी और सशक्त बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम साबित होगी। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए केंद्र सरकार ने इस योजना में 95 हजार 692 करोड़ रुपये का बजटीय आवंटन किया है, जो ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम के लिए अब तक का सर्वाधिक आवंटन है। राज्यों के राज्यांश सहित इस कार्यक्रम का कुल परिव्यय 1.51 लाख करोड़ रु. से अधिक होने का अनुमान है। राजस्थान के लिए केंद्र सरकार ने इस योजना में 7 हजार 581 करोड़ रुपये से अधिक का अंतरिम आवंटन निर्धारित किया है। इसके साथ ही राज्य सरकार द्वारा 4 हजार करोड़ रुपये की अतिरिक्त धनराशि का प्रावधान किया जाएगा। जिसे आवश्यकता एवं मांग के अनुसार बढ़ाया भी जा सकेगा।



## बंगाल में कार्यकर्ताओं के समर्पण और परिश्रम की जीत

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर पश्चिम बंगाल के भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र के काउंटिंग एजेंटों एवं प्रमुख कार्यकर्ताओं के प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार मुलाकात की। पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ के नेतृत्व में आए प्रतिनिधिमंडल ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक सफलता पर मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया।

## 125 दिन रोजगार, साप्ताहिक भुगतान

ग्रामीण क्षेत्र के पात्र परिवार को एक वित्तीय वर्ष में 100 दिन से बढ़ाकर 125 दिनों की रोजगार गारंटी का वैधानिक अधिकार दिया गया है, जिनके वयस्क सदस्य अकुशल शारीरिक श्रम करने के लिए स्वेच्छा से आगे आते हैं। पहले श्रमिकों को 15 दिनों में भुगतान किया जाता था, अब साप्ताहिक भुगतान का प्रावधान किया है। भुगतान डीबीटी के माध्यम से सीधे बैंक अथवा डाकघर खातों में जाएगा, जिससे पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित होंगी। वहीं, निर्धारित समयावधि में रोजगार उपलब्ध न होने पर बेरोजगारी भत्ते का तथा मजदूरी भुगतान में देरी होने पर क्षतिपूर्ति का वैधानिक प्रावधान किया गया है। यह निर्णय ग्रामीण आय में वृद्धि और आजीविका सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में एक ठोस कदम है। जिन मौजूदा मनरेगा जॉब कार्ड के लिए ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, वे वीबी-जीरामजी अधिनियम, 2025 के प्रावधानों के अनुसार नए ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्ड जारी होने तक वैध बने रहेंगे।

## सामाजिक सुरक्षा पेंशन मंजूर होने से राधेश्याम के घर में आई खुशी



**जयपुर।** राज्य सरकार द्वारा संचालित ग्रामीण सेवा शिविर 2026 के अंतर्गत आमजन को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समयबद्ध एवं सुगम रूप से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयोजित शिविर में ग्राम पंचायत दौलतपुरा निवासी राधेश्याम गुर्जर को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना का लाभ प्रदान किया गया। ग्रामीण सेवा शिविर 2026 के दौरान आयोजित शिविर में राधेश्याम गुर्जर की लंबे समय से लंबित सामाजिक सुरक्षा पेंशन संबंधी समस्या का निराकरण करते हुए उनकी पेंशन स्वीकृत की गई तथा उन्हें स्वीकृति पत्र एवं पी.पी.ओ. प्रदान किया गया। पेंशन स्वीकृत होने पर राधेश्याम गुर्जर ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए राज्य सरकार एवं प्रशासन का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण सेवा शिविर आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान का प्रभावी माध्यम बन रहे हैं तथा इससे पात्र व्यक्तियों को सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी से प्राप्त हो रहा है। ग्रामीण सेवा शिविर 2026 के माध्यम से प्रशासन द्वारा आमजन की समस्याओं का मौके पर समाधान कर उन्हें विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जा रहा है।

"शहरी सेवा शिविर–2026" सरकार की सुशासन एवं जनसेवा की सोच हो रही साकार

# जेडीए में मुख्य सचिव ने आवेदकों से किया संवाद, व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया

FAIR REPORT

जयपुर

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की सुशासन, पारदर्शिता एवं जनसेवा की सोच को धरातल पर प्रभावी रूप से क्रियान्वित करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा 12 जून से 15 जुलाई 2026 तक "शहरी सेवा शिविर–2026" आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने सोमवार को जेडीए परिसर स्थित नागरिक सेवा केन्द्र में आयोजित शहरी सेवा शिविर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर ACS नगरीय विकास एवं आवासन विभाग, आलोक गुप्ता भी उपस्थित रहे। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने शिविर में उपस्थित आवेदकों से संवाद किया तथा विभिन्न प्रकरणों के निस्तारण की प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की।

उन्होंने प्रतीक्षालय, टोकन व्यवस्था, आवेदन पंजीकरण, अभिलेख संधारण, ई-मित्र काउंटर तथा प्रकरणों की सुनवाई संबंधी व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविरों में आने वाले प्रत्येक नागरिक को सरल, सुगम, पारदर्शी एवं समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराई जाए।



## प्रत्येक पात्र व्यक्ति को निर्धारित समय में मिले राहत

मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा आयोजित शहरी सेवा शिविर केवल प्रशासनिक गतिविधि नहीं, बल्कि आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान का एक प्रभावी माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि इन शिविरों के माध्यम से नागरिकों को संवेदनशील एवं जवाबदेह प्रशासन का अनुभव होना चाहिए तथा प्रत्येक पात्र व्यक्ति को निर्धारित समय में राहत मिलनी चाहिए। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य सचिव आलोक गुप्ता ने भी शिविर व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविरों में प्राप्त होने वाले प्रत्येक प्रकरण का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा आमजन को अधिकतम राहत प्रदान की जाए। निरीक्षण के दौरान जयपुर विकास आयुक्त सिद्धार्थ महाजन ने मुख्य सचिव को शिविरों की प्रगति तथा अब तक किए गए निस्तारण की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शिविरों में भू-प्रबंधन, लीज, नामांतरण, पट्टा, आवंटन, भवन निर्माण स्वीकृति, राजस्व वसूली, संस्थागत एवं आवासीय प्रकरणों सहित विभिन्न नागरिक सेवाओं से संबंधित मामलों का प्राथमिकता से निस्तारण किया जा रहा है। जयपुर विकास आयुक्त ने बताया कि शिविर के प्रथम दिवस आयोजित सुनवाई में कुल 327 प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया गया। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त आयुक्त प्रशासन डॉ. प्रिया बलराम शर्मा, संबंधित जोन उपायुक्त सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलम्ब न होने पाए

मुख्य सचिव ने विभिन्न जोनों के अधिकारियों से लंबित प्रकरणों, पट्टा वितरण, नामांतरण, लीज तथा भवन निर्माण स्वीकृति संबंधी मामलों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि शिविर अवधि में प्राप्त होने वाले प्रत्येक आवेदन का प्राथमिकता से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलम्ब न होने पाए। उल्लेखनीय है कि शहरी सेवा शिविर–2026 के अंतर्गत 12 जून को जोन-8, 14, 16 एवं 17 के लिए शिविर आयोजित किए गए थे। वहीं 15 जून को जोन-C, 12, 23 एवं 24 के नागरिकों के लिए शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। आगामी अवधि में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अन्य जोनों के प्रकरणों की भी सुनवाई कर उनका निस्तारण किया जाएगा।इसके साथ ही उन्होने बताया कि शिविरों में लंबित प्रकरणों के आवेदकों को मोबाइल संदेश एवं दूरभाष के माध्यम से भी समय स्लॉट की सूचना दी जा रही है। आवेदकों की सुविधा के लिए नागरिक सेवा केन्द्र में हेल्प डेस्क, ई-मित्र काउंटर तथा जोनवार बैठने की समुचित व्यवस्था की गई है।

# विमान हादसे में शहीद हुए अग्निवीर खेमाराम कुमावत को अर्पित की भावभीनी श्रद्धांजलि



FAIR REPORT

जयपुर

असम के जोरहाट में भारतीय वायु सेना के एएन-32 विमान हादसे में शहीद हुए अग्निवीर वायु खेमाराम कुमावत का पार्थिव शरीर आज विशेष विमान से जयपुर एयरपोर्ट लाया गया।

इस अवसर पर विधि, संसदीय व जिले के प्रभारी मंत्री जोगाराम पटेल, जयपुर सांसद मंजू शर्मा तथा जयपुर जिला कलक्टर संदेश नायक, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी जय राठौड़ ने शहीद के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने शहीद खेमाराम कुमावत के अदम्य साहस, राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पण एवं सर्वोच्च बलिदान को नमन किया तथा शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की।इसके पश्चात सैन्य सम्मान के साथ शहीद का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव पांचोटा, जिला नागौर के लिए रवाना किया गया। शहीद खेमाराम कुमावत ने मातृभूमि की रक्षा करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। उनका त्याग और समर्पण सदैव देशवासियों को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करता रहेगा।

# शहीदों का बलिदान नई पीढ़ी को देश सेवा के लिए प्रेरित करता है: राज्यपाल

FAIR REPORT

जयपुर

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि शेखावाटी क्षेत्र के जवानों का देश की तीनों सेनाओं में विशेष योगदान है। भारत की सेना में 14 लाख से अधिक जवान हैं और इनमें बड़ी संख्या में राजस्थान के वीर जवान शामिल हैं। राजस्थान वीरों और शूरवीरों की भूमि रही है, जहां के सपूतों ने प्राचीन काल से देश की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने सोमवार को जसरासर (लक्ष्मणगढ़) स्थित शहीद स्मारक में शहीद गोवर्धन सिंह ढाका की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने शहीद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रृद्धांजलि दी तथा स्मारक परिसर में पौधरोपण किया। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने शहीद गोवर्धन सिंह ढाका की माता भगवानी देवी एवं पत्नी सुनीता देवी सहित शहीद वीरांगनाओं को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। साथ ही शहीद की माता को सम्मान पत्र प्रदान किया गया। राज्यपाल ने चित्तौड़गढ़ के बप्पा रावल और महाराणा प्रताप जैसे वीरों के योगदान को याद करते हुए कहा कि शहीद गोवर्धन सिंह ढाका का बलिदान आने वाली पीढियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा और नई पीढ़ी को राष्ट्र सेवा के लिए ऊर्जा प्रदान करेगा। राज्यपाल ने कहा कि सामाजिक एवं धार्मिक आयोजनों में शहीदों के माता-पिता और परिवारजनों को सम्मानपूर्वक आमंत्रित करना चाहिए, ताकि समाज उनके त्याग और बलिदान को सदैव स्मरण रखे।




आपदा प्रबंधन विभाग के विशिष्ट शासन सचिव महावीर प्रसाद मीणा ने किया राजस्थान संपर्क कॉल सेंटर का निरीक्षण

# संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों के शीघ्र समाधान के दिए निर्देश

FAIR REPORT

जयपुर

राज्य सरकार द्वारा आमजन की शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के लिए संचालित राजस्थान संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों की नियमित मॉनिटरिंग एवं निस्तारण व्यवस्था की समीक्षा के क्रम में सोमवार को आपदा प्रबंधन एवं राहत विभाग के विशिष्ट शासन सचिव एवं जैसलमेर जिले के प्रभारी सचिव महावीर प्रसाद मीणा ने राजस्थान संपर्क कॉल सेंटर का सघन निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभाग से संबंधित शिकायतों, उनके निस्तारण की प्रगति, संतुष्टि स्तर तथा लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को प्रकरणों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मीणा ने बाढ़, अतिवृष्टि, प्राकृतिक आपदाओं से हुई क्षति, राहत सहायता तथा अन्य आपदा संबंधी शिकायतों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का विषयानुसार उचित श्रेणीकरण सुनिश्चित किया जाए। इससे संबंधित मामलों का प्रभावी और त्वरित निस्तारण संभव हो सकेगा।



उन्होंने निर्देश दिए कि कर्मचारियों से जुड़े मामलों को एम्प्लोई श्रेणी में दर्ज किया जाए तथा आवश्यकता अनुसार शिकायतों का तार्किक पुनः श्रेणीकरण किया जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि अर्जेंट श्रेणी में दर्ज सभी शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के भीतर प्राथमिकता के आधार पर किया जाना सुनिश्चित किया जाए। समीक्षा के दौरान विशिष्ट शासन सचिव महावीर प्रसाद मीणा ने शिकायत निस्तारण व्यवस्था की समग्र प्रगति का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि आमजन को त्वरित राहत प्रदान करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। शिकायतकर्ताओं के संतुष्टि प्रतिशत को और अधिक बढ़ाने के लिए अतिरिक्त प्रयास किए जाएं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बुनकर संघ से संबंधित शिकायतों की भी अलग से समीक्षा करते हुए उनके प्रभावी समाधान के निर्देश प्रदान किए।

## कॉल सेंटर से परिवादियों के अभाव-अभियोग सुने

निरीक्षण के दौरान जैसलमेर के प्रभारी सचिव ने राजस्थान संपर्क कॉल सेंटर के माध्यम से विभाग एवं जैसलमेर जिले से संबंधित विभिन्न परिवादियों से दूरभाष पर संवाद कर उनकी समस्याओं एवं शिकायतों की जानकारी ली। जैसलमेर निवासी सत्तार खान ने सरकारी ट्यूबवेल के लंबे समय से खराब होने के कारण उत्पन्न पेयजल संकट की शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने तत्काल जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिशाषी अभियंता से दूरभाष पर कहा कि ट्यूबवेल की मरम्मत पूर्ण होने तक प्रभावित क्षेत्र में अतिरिक्त टैंकरों के माध्यम से नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा खराब ट्यूबवेल को शीघ्र दुरुस्त किया जाए। जैसलमेर निवासी गीगाराम ने क्षेत्र में पिछले एक वर्ष से रोड लाइट खराब होने के कारण अंधकार एवं आवागमन में हो रही परेशानी की शिकायत दर्ज कराई थी। इस पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। अधिकारियों द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए रोड लाइट को दुरुस्त कराया गया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार आमजन की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए सभी विभागों के सचिव निर्धारित तिथियों पर राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन (181) कंट्रोल रूम में उपस्थित होकर परिवादियों से सीधे संवाद कर रहे हैं। इस पहल के माध्यम से नागरिक घर बैठे अपनी शिकायत दर्ज कर शीघ्र समाधान प्राप्त कर रहे हैं।

## ब्रीफ खबरें

### रिफाइनरी में पेट्रोल-डीजल उत्पादन इसी माह से, CS ने की समीक्षा बैठक



**जयपुर।** मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने सोमवार को शासन सचिवालय में एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी परियोजना, पचपदरा (बालोतरा) की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने परियोजना से संबंधित कार्यों की विस्तृत जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को पेट्रो उत्पादों का उत्पादन शीघ्र प्रारम्भ करने की दिशा में आवश्यक निर्देश दिए।मुख्य सचिव ने समीक्षा के दौरान बताया कि एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी में पेट्रोल एवं डीजल के उत्पादन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं तथा इसी माह उत्पादन प्रारंभ करने का लक्ष्य रखा गया है। समीक्षा बैठक में रिफाइनरी परियोजना की वर्तमान स्थिति, आधारभूत सुविधाओं के विकास तथा विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने कहा कि यह परियोजना राज्य के औद्योगिक विकास की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है, सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय बनाए रखते हुए निर्धारित समयसीमा में कार्यों को पूर्ण करें।बैठक के दौरान परियोजना से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। मुख्य सचिव ने अधिकारियों से परियोजना के शेष कार्यों में तेजी लाने तथा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करने को कहा।बैठक में जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अभय कुमार, खान एवं पेट्रोलियम विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव अपर्णा अरोड़ा तथा विशिष्ट शासन सचिव नम्रता वृष्णि सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### आमजन गुड सेमेरिटन होने का दायित्व निभाएं : सीएमएचओ

**जयपुर।** प्रदेश सहित जिले में सड़क सुरक्षा से सम्बंधित मुख्यमंत्री आयुष्मान जीवन रक्षा योजना संचालित की जा रही है। जिसके अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायल को निकटतम चिकित्सा संस्थान तक पहुंचाने वाले मददगार व्यक्ति (गुड सेमेरिटन) के साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार किया जाता है और प्रोत्साहन राशि व प्रशस्ति-पत्र दिया जाता है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर द्वितीय डॉ. मनीष मित्ताल ने बताया कि मुख्यमंत्री आयुष्मान जीवन रक्षा योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायल को निकटतम चिकित्सा संस्थान तक पहुंचाने वाले मददगार व्यक्ति (गुड सेमेरिटन) के साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार किया जाता है और उसे इच्छानुसार तत्काल अस्पताल छोड़ने की अनुमति होती है। घायल व्यक्ति गंभीर श्रेणी का होने पर गुड सेमेरिटन को 10,000/- रुपए की प्रोत्साहन राशि व प्रशस्ति-पत्र दिया जाता है। घायल के सामान्य श्रेणी के होने पर केवल प्रशस्ति पत्र देय है। एक से अधिक गुड सेमेरिटन होने पर पुरस्कार राशि व प्रशस्ति- पत्र समान रूप से विभाजित किया जाता है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि योजना के अंतर्गत आमजन सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने में देरी ना करें और मुख्यमंत्री आयुष्मान जीवन रक्षा योजना के अंतर्गत एक अच्छे मददगार व्यक्ति (गुड सेमेरिटन) होने का दायित्व निभाएं।

### जिले के समस्त चिकित्सा संस्थानों पर मनाया जाएगा योग दिवस

**जयपुर।** जिले के समस्त चिकित्सा संस्थानों में 21 जून को "अंतरराष्ट्रीय योग दिवस" मनाया जाएगा। सीएमएचओ प्रथम डॉ. रवि शेखावत और सीएमएचओ द्वितीय डॉ. मनीष मित्तल ने बताया कि योग दिवस के सफल क्रियान्वयन हेतु आमजन की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु जिले के सोशल मीडिया यथा यूट्यूब, ट्विटर, फेसबुक आदि के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। जिले के समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिर (SHC-AAM, PHC-AAM) स्तर पर आयुष विभाग से समन्वय करते हुए अंतरराष्ट्रीय योग दिवस सफलतापूर्वक आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर प्रशिक्षित योग प्रशिक्षकों द्वारा आमजन को योग करवाया जाएगा। योग कार्यक्रम स्थलों पर चिकित्सा दल एवं मय एम्बुलेंस मौजूद रहेगी ।

### वरिष्ठ नागरिक दिवस पर विधिक अधिकारों के बारे में दी जानकारी




**जयपुर।** जयपुर ग्रामीण के फुलेरा में वरिष्ठ नागरिक दिवस पर वरिष्ठ नागरिकों के विधिक अधिकारों के बारे में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) माधवी दिनकर, जयपुर जिला के निर्देशानुसार अध्यक्ष, तालुका विधिक सेवा समिति (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश क्र. सं.1 ) अरविंद कुमार जांगिड़, सांभर लेक के निर्देशानुसार लीगल एड असिस्टेंट चांदमल सांभरिया द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिवराज सिंह राठौड़, वरिष्ठ अधिवक्ता रहे व राजस्थान पेंशनर समाज उपशाखा सांभर लेक के अध्यक्ष डा. ज्ञान प्रकाश दायमा द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के विधिक अधिकारों तथा समाज में परिवार में वरिष्ठ नागरिकों के महत्व के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। पैरा लीगल वॉलंटियर चंद्र प्रकाश वर्मा ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

## ब्रीफ खबरें

### अपनाघर में परिक्रमा मार्ग का शुभारंभ, नवग्रह वाटिका में लगाए अनेक पौधे



**भरतपुर।** मानव सेवा को ईश्वर सेवा का स्वरूप मानकर काम कर रहे भरतपुर के अपनाघर आश्रम में प्रभु प्रकल्प परिक्रमा मार्ग व नवग्रह वाटिका परिक्रमा व्यवस्था का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ आश्रम की पूर्व अध्यक्ष कुसुमलता ने सहभागियों व पदाधिकारियों को रोली तिलक लगाकर किया। नवग्रह वाटिका भारतीय संस्कृति एवं वैदिक परंपरा में वर्णित नवग्रहों की अवधारणा पर सूर्य, चंद्र, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, राहु एवं केतु से संबंधित पौधों का रोपण किया गया है। इनमें आक, पलाश, खैर, अपामार्ग, पीपल, गूलर, शमी, दूर्वा एवं कुश जैसे पौधे शामिल हैं। परिक्रमा मार्ग में सामान्य टाइल्स के साथ-साथ एक्यूप्रेशर टाइल्स भी लगाई हैं ताकि श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य लाभ भी प्राप्त हो सके।

### अंतरराज्यीय चोर गैंग का पर्दाफाश, दो बदमाश किए गए गिरफ्तार

**भीलवाड़ा।** दिन के समय सूने मकानों को निशाना बनाने वाली एक शातिर चोर गैंग का भंडाफोड़ करते हुए स्थानीय पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल की गई बिना नंबर की एक पल्सर बाइक भी जब्त की गई है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान समीर खान उर्फ पप्पू (24) निवासी बानसेन (चित्तौड़गढ़) और मिथुन बाबू निवासी प्रतापनगर (उदयपुर) हाल निम्बाहेड़ा के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपियों ने भीलवाड़ा जिले के मंगरोप, सुवाणा (सदर), जोजवा (बिगोद) और बड़ा महुआ क्षेत्रों में चोरी की चार बड़ी वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया है। पुलिस ने मुखबिरों से मिली सटीक सूचना के आधार पर दो संदिग्धों को चिन्हित कर हिरासत में लिया। जांच में सामने आया कि आरोपी मुख्य मार्गों और नाकाबंदी पॉइंट से बचने के लिए ग्रामीण इलाकों के कच्चे रास्तों से गांवों में प्रवेश करते थे। इसके बाद बाइक से रेकी कर सूने मकानों के ताले तोड़ देते थे।

### सोमवती अमावस्या पर लाखों श्रद्धालुओं ने कपिल सरोवर में लगाई डुबकी



**बीकानेर।** अधिकमास में सोमवती अमावस्या के पावन अवसर पर बीकानेर के कोलायत में सोमवार को बीकानेर, हनुमानगढ़, चूरू, फलोदी सहित प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लाखों श्रद्धालुओं ने पवित्र कपिल सरोवर में स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया। सुबह तड़के से ही कपिल सरोवर के घाटों पर श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था। दिन चढ़ने के साथ मुख्य घाट, पंच मंदिर घाट, गंगा माता मंदिर घाट, रतनेश्वर महादेव घाट और गौ घाट सहित सभी प्रमुख घाट श्रद्धालुओं से खचाखच भर गए थे। सोमवती अमावस्या के विशेष संयोग पर कपिल मुनि मंदिर में दर्शन के लिए लंबी कतारें लगी रहीं। श्रद्धालुओं ने आम, केले, मटकी, वस्त्र और अन्य पूजन सामग्री अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की।

### तीन साल से फरार शातिर नकबजन प्रकाश नायक को किया गिरफ्तार

**नागौर।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशा राम चौधरी के निर्देशन एवं वृताधिकारी जतिन जैन के सुपरविजन में सदर थाना नागौर पुलिस और जिला विशेष टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए करीब तीन वर्षों से फरार चल रहे वांछित आरोपी प्रकाश नायक को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोलायत (बीकानेर) क्षेत्र से दस्तयाब किया गया। थानाधिकारी सुरेश कुमार कस्वा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने प्रकरण संख्या 233/2022 में फरार आरोपी की तलाश कर उसे गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार आरोपी प्रकाश नायक एक शातिर नकबजन एवं आले दर्जे का चोर है, जिसके विरुद्ध विभिन्न थानों में कुल आठ आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। लंबे समय से गिरफ्तारी से बचने के कारण उसे न्यायालय द्वारा मफरूर घोषित किया जा चुका था।

### नीट स्टूडेंट फंदे से झूला, सुसाइड नोट में लिखा-बहुत दूर जा रहा हूं...सॉरी

**सीकर।** शहर के उद्योग नगर थाना इलाके में 22 साल के नीट स्टूडेंट ने अपने फ्लैट में चुन्नी से फांसी का फंदा बनाकर पंखे से लटककर सुसाइड कर लिया। पुलिस को मौके से सुसाइड नोट भी मिला है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस अब मामले की जांच कर रही है। उद्योग नगर थाना एसएचओ राजेश कुमार बुडानिया ने बताया कि घटना इलाके में स्थित एक प्राइवेट रेजिडेंसी की है। जहां फ्लैट में रहने वाले 22 साल के नीट स्टूडेंट उमेश माली पुत्र लक्ष्मणराम निवासी कारी,नवलगढ़ ने फांसी के फंदे पर लटककर सुसाइड कर लिया। जिसके शव का परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम करवाकर सौंप दिया गया। उमेश के पिता मुंबई में टाइल्स की ठेकेदारी का काम करते हैं। यहां उनका रेजीडेंसी में फ्लैट है। जहां उमेश अपनी बड़ी बहन,छोटे भाई और मां के साथ रहकर नीट परीक्षा की तैयारी कर रहा था। इस बार उसका तीसरा अटेम्प्ट था जिसकी एग्जाम 21 जून को होनी थी लेकिन उसके पहले ही उसने सुसाइड कर लिया। उमेश आज सुबह ही अपनी मां को गांव छोड़कर वापस लौटा था। उमेश ने चुन्नी से फांसी का फंदा बनाया और फिर पंखे से लटककर सुसाइड किया। उमेश की बड़ी बहन और छोटा भाई जब दोपहर में फ्लैट पर लौटे तो उन्हें सुसाइड का पता चला। सूचना पर उद्योग नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। जहां से पुलिस को सुसाइड नोट मिला।

---

**शहादत को सलाम :** वायुसेना के विशेष वाहन से शहीद की पार्थिव देह पैतृक गांव पांचोता पहुंची तो छा गया मातम

# अग्निवीर खेमाराम कुमावत को नम आंखों के साथ दी अंतिम विदाई

FAIR REPORT

**कुचामनसिटी**

डीडवाना-कुचामन जिले के पांचोता गांव के अग्निवीर वायु सैनिक खेमाराम कुमावत को सोमवार को पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। इस दौरान शहीद को नेताओं, अधिकारियों एवं वायुसेना के अधिकारियों-जवानों ने पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। असम के जोरहाट स्थित रौरिया भारतीय एयरबेस पर शनिवार सुबह हुए दर्दनाक विमान हादसे में अग्निवीर खेमाराम कुमावत शहीद हो गए थे। सोमवार दोपहर 4 बजकर 50 मिनट पर वायुसेना के विशेष वाहन से शहीद की पार्थिव देह पैतृक गांव पांचोता पहुंची तो पूरे गांव में मातम छा गया। घर पहुंचते ही परिजन फफक पड़े। इसके बाद गांव में शहीद की अंतिम यात्रा निकाली गई, जिसमें आसपास के गांवों से सैकड़ों लोगों ने हिस्सा लिया। तिरंगा यात्रा के दौरान सड़क के दोनों ओर खड़े लोगों ने शहीद की पार्थिव देह पर पुष्प वर्षा की। लोग 'खेमाराम कुमावत अमर रहे' और 'भारत माता की जय' के नारे लगाते रहे। अंत्येष्टि में राजस्थान सरकार के राजस्व मंत्री विजय सिंह चौधरी, जिला कलेक्टर अवधेश मीणा, एडिशनल एसपी विमल नेहरा, पूर्व उपमुख्य सचेतक महेन्द्र चौधरी, महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सारिका चौधरी और अधिकारी मौजूद रहे।




### शहीद के पिता को तिरंगा सौंपा



वायुसेना के जवानों ने राजकीय सम्मान के साथ शहीद को सलामी और गार्ड ऑफ ऑनर दिया। वायुसेना अधिकारियों ने शहीद के पिता रामदेव कुमावत को तिरंगा सौंपा। इसके बाद शहीद के छोटे भाई मनोज कुमावत ने चिता को मुखाग्नि दी। उल्लेखनीय है कि, असम के जोरहाट में भारतीय वायु सेना का एएन-32 विमान हादसे का शिकार हो गया था, जिसमें अग्निवीर वायु खेमाराम कुमावत ने कर्तव्य पालन के दौरान अपने प्राण न्यौछावर कर दिए।

---

**राज कार्य में बाधा :** कई कर्मचारी घायल, पत्थरबाजी से वाहनों को भी नुकसान

# अतिक्रमण हटाने गए वन कर्मियों पर ग्रामीणों का हमला, कांग्रेस नेता सहित 20 गिरफ्तार

FAIR REPORT

**कोटा**

वन विभाग की अतिक्रमण के खिलाफ रविवार को की गई कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस नेता देवा भड़क समेत 20 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोप है कि इन्होंने पहले वन कर्मियों के साथ गंभीर मारपीट की, फिर थाने में पहुंचकर पुलिसकर्मियों के साथ भी मारपीट और जानलेवा हमला किया। इतना ही नहीं, वन विभाग के वाहनों पर भी हमला किया गया। थाने के बाहर खड़ी हुई प्राइवेट और वन विभाग की गाड़ियों को भी नुकसान पहुंचाया गया। इस मामले में पुलिस उप अधीक्षक चतुर्थ मनीष शर्मा का कहना है कि वनरक्षक सुनील और फॉरेस्टर रघुवीर पंकज की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया है। इस मामले में कांग्रेस नेता देवा भड़क, पूर्व सरपंच नारायण व गोविंद समेत 20 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार, डोलिया नाके के अमर कुआं गांव में वन विभाग की जमीन पर नए बाड़े बन रहे थे। यहां पहले से भी कुछ बाड़े बने हुए हैं, सालों से अतिक्रमण चल रहा है, जिसे हटाने की कार्रवाई के तहत रविवार को टीम अतिक्रमण हटाने के लिए गई थी। कुछ पुलिसकर्मी भी साथ थे। अचानक से ग्रामीणों ने पत्थरबाजी शुरू कर दी। तीन जेसीबी के कांच फोड़ दिए, जीप में भी तोड़फोड़ कर दी। कार्मिकों के साथ भी मारपीट की गई।




### देवा भड़क के भाई पर पहले भी मारपीट के मामले

इस घटनाक्रम में शामिल कांग्रेस नेता देवा भड़क का भाई कालू भड़क पहले भी पुलिस के साथ मारपीट कर चुका है। साल 2023 में रानपुर थाना इलाके में फायरिंग की गई थी। जब पुलिस ने रोकने की कोशिश की, तब उसने नाकेबंदी तोड़ दी। इसके बाद एक ही दिन में सात अलग-अलग जगह पर नाकेबंदी तोड़ी, जिसमें कोटा शहर, कोटा ग्रामीण व बारां जिले के अलग-अलग थाने शामिल थे।

### वनरक्षक का सिर फोड़ा, छह से अधिक टांके लगे

इसके बाद जब कार्मिक रानपुर थाने में रात के समय शिकायत देने पहुंचे तो वहां भी करीब 150 लोग आ गए। इसके बाद उन्होंने थाने के बाहर खड़ी टीम से भी मारपीट की। वहीं, वनरक्षक सुनील का सिर फोड़ दिया, जिसमें आधा दर्जन से ज्यादा टांके आए हैं। रघुवीर पंकज के पैर में फैक्चर हो गया। इसके बाद देर रात को बड़ी संख्या में लोग थाने के बाहर जमा हो गए थे। इन लोगों ने अचानक ही थाने के बाहर खड़े वाहनों की तोड़फोड शुरू कर दी। पथराव भी शुरू कर दिया। इस दौरान पुलिस बीच बचाव में पहुंची, लेकिन आरोप है कि वहां मौजूद असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर सतीश सहित अन्य पुलिसकर्मियों से भी मारपीट की गई। बाद में अन्य थानों का जाप्ता पहुंचा, तब बल प्रयोग कर इन लोगों को खदेड़ा गया। साथ ही कांग्रेस नेता देवा भड़क समेत 20 लोगों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया, जिन्हें गिरफ्तार भी किया गया है।

### सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों की जानकारी दी

FAIR REPORT

**नागौर**

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में सोमवार को यातायात नियमों के साथ साइबर जागरूकता की जानकारी दी गई। एएसपी आसाराम चौधरी के निर्देशन में आयोजित कार्यशाला में ट्रैफिक उप अधीक्षक उम्मेद सिंह ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों की जानकारी देते हुए वाहन चलाते समय गति सीमा का पालन करने, मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि नशे की हालत में वाहन नहीं चलाने, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने तथा लेन अनुशासन एवं यातायात संकेतों का पालन करने से ही सड़क हादसे कम किए जा सकते हैं। साइबर जागरूकता पर उम्मेद सिंह ने साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे के प्रति विद्यार्थियों को सतर्क किया। उन्होंने कहा कि जरा से लालच में हर कोई साइबर ठगों के चंगुल में फंस जाता है। इसलिए सदैव इनसे सावधान रहना चाहिए। इस अवसर पर कई पुलिस अफसर भी मौजूद रहे। पुलिस का यह अभियान जारी रहेगा।

---

## ड्रग्स फैक्ट्री में 122 करोड़ का माल जब्त, 3 गिरफ्तार



FAIR REPORT

**भीलवाड़ा**

पुलिस ने सोमवार शाम भीलवाड़ा में एमडी ड्रग्स की फैक्ट्री पकड़ी। मामला बिजोलिया थाना इलाके के चंपापुर इलाके का है। पुलिस ने तीन आरोपियों को भी हिरासत में लिया है। एएसपी पारस जैन ने बताया- जिले में ड्रग माफिया के खिलाफ अभियान के तहत सोमवार को कांस्या चौकी इंचार्ज नरेश शर्मा और बिजोलिया थाना प्रभारी स्वागत पांड्या को चंपापुर गांव में सुनसान जगह पर निर्माणाधीन मकान में एमडी ड्रग्स बनाने की सूचना मिली थी। सीओ योगेश शर्मा और उनकी टीम ने यहां वीरेन्द्र पुत्र (51) निवासी मंदसौर (एमपी), बहादुर सिंह (43) निवासी नीमच (एमपी) और बबलू (30) निवासी भोपतपुरा थाना बिजौलिया (भीलवाड़ा) को डिटेन किया गया। करीब 72 करोड़ का तैयार माल और 50 करोड़ का रॉ मटेरियल बरामद किया गया। ये लोग रॉ-मटेरियल से एमडी बनाने का प्रोसेस कर रहे थे।

## तीन फॉरेस्ट गार्ड 10 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

FAIR REPORT

**कोटा**

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की कोटा टीम ने सोमवार को बूंदी जिले में ट्रैप कार्रवाई करते हुए वन विभाग के तीन फॉरेस्ट गार्डों को 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया। वहीं एक अन्य फॉरेस्ट गार्ड को पूछताछ के लिए डिटेन किया गया है।

एसीबी महानिदेशक गोविंद गुप्ता ने बताया कि परिवादी ने शिकायत दी थी कि ग्राम लक्ष्मीपुरा, जिला बूंदी में अपनी जेसीबी मशीन से खेत सुधार और खाद डालने का कार्य कर रहा था। इस दौरान फॉरेस्ट गार्ड रूपाराम एवं अन्य वन विभाग कर्मियों ने जेसीबी संचालन की अनुमति देने के बदले एक लाख रुपए प्रतिमाह रिश्वत की मांग की और राशि नहीं देने पर मशीन जब्त करने की धमकी देकर परेशान किया।



शिकायत पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय स्वर्णकार के नेतृत्व में सत्यापन कराया गया। 11 जून को हुई सत्यापन कार्रवाई में आरोपियों द्वारा 50 हजार रुपए प्रतिमाह रिश्वत मांगने की पुष्टि हुई। इसी दौरान आरोपियों ने परिवादी से 5 हजार रुपए रिश्वत भी जबरन वसूल लिए थे।

इसके बाद सोमवार को पुलिस निरीक्षक चन्द्रकंवर के नेतृत्व में गठित ट्रैप टीम ने बूंदी जिले के बरदा डेम स्थित वन विभाग चौकी पर कार्रवाई करते हुए फॉरेस्ट गार्ड रूपाराम, रामावतार और विजेन्द्र को परिवादी से 10 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। वहीं फॉरेस्ट गार्ड साबूलाल को लक्ष्मीपुरा चौकी से डिटेन कर पूछताछ की जा रही है।

### 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते ग्राम विकास अधिकारी को पकड़ा

**बूंदी।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की बूंदी टीम ने ग्राम पंचायत गरडदा, पंचायत समिति बूंदी के ग्राम विकास अधिकारी मुकेश



कुमार को 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। ग्राम विकास अधिकारी परिवादी की फर्म द्वारा किए गए 15 लाख के विकास कार्यों का भुगतान जारी करने की एवज में रिश्वत मांग रहा था। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक गोविंद गुप्ता ने बताया कि एसीबी को शिकायत मिली थी कि ग्राम विकास अधिकारी मुकेश कुमार (30) निवासी गेण्डोली जिला बूंदी परिवादी की फर्म तरू एंड कम्पनी द्वारा ग्राम पंचायत गरडदा में कराए गए पनघट निर्माण कार्य के भुगतान के बदले 30 प्रतिशत कमीशन के रूप में 4.50 लाख रिश्वत की मांग कर रहा है। शिकायत का सत्यापन करने के बाद एसीबी बूंदी के उप पुलिस अधीक्षक प्रेमचंद के नेतृत्व में ट्रैप कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान आरोपित ग्राम विकास अधिकारी को परिवादी से 50 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गया। एसीबी के अनुसार आरोपित ग्राम विकास अधिकारी ने रिश्वत अपने किराये के मकान के बाहर प्राप्त कर पेंट की जेब में रख ली थी। एसीबी टीम को देखकर उसने राशि जेब से निकालकर सड़क पर फेंकने का प्रयास किया, लेकिन टीम ने उसे मौके पर ही दबोच लिया।

---

**'ऑपरेशन क्लीन' का दायरा बढ़ा :** 102 सीमावर्ती गांवों और ढाणियों को चिह्नित किया, सर्वे रिपोर्ट केन्द्र को भेजी जाएगी

# एलओसी के पास संदिग्ध पक्के निर्माणों पर होगी बुलडोजर कार्रवाई

FAIR REPORT

**जैसलमेर**

हाल ही में बीकानेर में आयोजित वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम और सुरक्षा समीक्षा बैठक के बाद केंद्र सरकार के निर्देश पर भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के लिए 'ऑपरेशन क्लीन' का दायरा बढ़ा दिया गया है। गृह विभाग के आदेशानुसार अब बॉर्डर से सटे केवल 15 किलोमीटर के बजाय 50 किलोमीटर तक के क्षेत्र की बारीकी से जांच की जाएगी। जिला कलेक्टर अनुपमा जोरवाल ने बताया कि इस नए बदलाव के तहत फिलहाल 102 सीमावर्ती गांवों और ढाणियों को चिन्हित किया गया है, जहां संयुक्त टीमों ने सर्वे का काम शुरू कर दिया है। प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां पूरे क्षेत्र में बिना मंजूरी के बने अवैध और संदिग्ध पक्के निर्माणों की पहचान कर रही हैं।

अभियान को सफल बनाने के लिए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), इंटेलीजेंस ब्यूरो (आईबी) और स्थानीय प्रशासन की संयुक्त टीमें सर्वे में जुटी हैं। ये टीमें सीमा से सटे 50 किलोमीटर क्षेत्र में बने अवैध और संदिग्ध पक्के मकानों तथा दुकानों की जांच कर रही हैं। इसके साथ ही जिला प्रशासन की राजस्व टीमों को भी अभियान में शामिल किया गया है। पटवारी और तहसीलदार स्तर की टीमें जमीन के मालिकाना हक और संबंधित दस्तावेजों की जांच कर रही हैं, ताकि फर्जी तरीके से कब्जा या खरीद-फरोख्त के मामलों का खुलासा किया जा सके। कलेक्टर जोरवाल ने बताया कि सर्वे की पूरी रिपोर्ट जल्द ही केंद्रीय गृह मंत्रालय को सौंपी जाएगी। संदिग्ध गतिविधियों, अवैध बसावट और तस्करी पर प्रभावी रोक लगाने के लिए अभियान को पूरी गंभीरता और मुस्तैदी से संचालित किया जा रहा है।



### वित्तीय लेन-देन पर भी नजर

अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे करीब 102 गांवों और ढाणियों की पहचान की जा चुकी है। इन क्षेत्रों में बिना वैध अनुमति या फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बने पक्के निर्माणों को चिन्हित कर उनके खिलाफ बुलडोजर कार्रवाई की जाएगी। सुरक्षा एजेंसियां केवल निर्माण गतिविधियों ही नहीं, बल्कि वित्तीय लेन-देन पर भी नजर रख रही हैं। सीमावर्ती क्षेत्रों में संचालित बैंकों को सभी लेन-देन में पारदर्शिता बनाए रखने और नियमों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। स्थानीय प्रशासन और खुफिया एजेंसियां जाली दस्तावेजों, फर्जी आधार कार्ड और नकली पहचान पत्रों की गहन जांच कर रही हैं। इसके अलावा सीमावर्ती क्षेत्रों में रजिस्टर्ड संदिग्ध और फर्जी कंपनियों के आय स्रोतों की भी पड़ताल की जा रही है।

### दायरा बढ़ने से जांच के घेरे में आए कई नए क्षेत्र

अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के लिए 'ऑपरेशन क्लीन' का दायरा 35 किलोमीटर बढ़ने से अब बड़ी संख्या में गांव और ढाणियां जांच के घेरे में आ गई हैं। नए क्षेत्र में दूर-दराज की छोटी ढाणियों के साथ बड़े कस्बे और घनी आबादी वाले रिहायशी इलाके भी शामिल हो गए हैं। सुरक्षा एजेंसियों का मानना है कि सीमा पार से होने वाली घुसपैठ, नशीले पदार्थों की तस्करी और टेरर फंडिंग जैसे खतरों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए सुरक्षा का यह विस्तारित घेरा जरूरी है।

# Three-storey tent warehouse caught fire in Nimbahera

# Fire not fully controlled even after 7 hours, 12 fire tenders and dozens of water tankers engaged

**Massive fire broke out in residential area, walls broken with JCB to reach inside; third incident in the same tent house in 10 years**

FAIR REPORT





**Nimbahera:** A massive fire broke out on Monday morning in the three-storey warehouse of Kabra Tent House located in Kamdhaj Nagar area on Kalyan Chowk Road. The warehouse was situated in the middle of a residential area. The fire soon became intense. Even after more than seven hours, the fire could not be completely controlled. Around 12 fire tenders from across the district and dozens of water tankers remained engaged in the firefighting operation. According to the information, smoke was seen coming out from the shutter of the warehouse at around 8:30 am. Within a short time, the fire reached the upper floor. The warehouse spread over nearly 4,000 square feet had tent materials stored on both floors. Large quantities of wooden plywood, plastic chairs, tent cloth, cotton, foam mattresses and bedding were kept inside, due to which the fire spread rapidly. After receiving information about the fire, administration officials, police, fire department, civil defence team and local people reached the spot. Till around 4 pm, efforts to control the fire continued from all sides. The intensity of the fire was so high that cracks appeared in the walls of nearby houses. One house's ground area also shifted and it appeared to move away from the warehouse, creating panic among residents.

To control the fire, four fire vehicles from Chittorgarh, two fire tenders from Nimbahera Municipal Council and six vehicles from different factories and industrial units reached the spot. Along with them, dozens of water tankers from the Municipal Council continuously supplied water to the fire tenders. When the fire was not controlled till around 11 am, the Municipal Council used two JCB machines to break the front walls of the warehouse and shutters of the second floor so that water could reach inside. The second JCB entered through an empty plot and broke the wall. People and fire personnel also broke walls from the backside of the warehouse to create a way to reach the fire.

It is believed that the fire first started on the third floor and later spread to the second floor. Due to lack of proper ventilation inside the warehouse, smoke and heat remained trapped, causing the fire to increase. Cotton and foam made the fire more dangerous, while tent cloth continued to catch fire. Fortunately, no loss of life was reported.

Nimbahera MLA Shrichand Kriplani, Municipal Council President Kapil Chaudhary, Additional District Collector Ramchandra, DYSP Badrilal Rao, SHO Ram Sumer Meena, Municipal EO, Chittorgarh Civil Defence team and other administrative and police officials monitored the situation.

MLA Shrichand Kriplani said that the joint efforts of administration, public representatives, local citizens and especially tanker operators helped control the situation. He said that at the time of the fire, it appeared that many shops and houses could come under its impact. Some houses were damaged, but with everyone's cooperation, a major loss was avoided. He said that in future, warehouses storing tent materials, crackers and other inflammable items should be set up outside the city. The matter will be discussed with the district administration.

Additional District Collector Ramchandra said that after receiving information about the fire around 8 am, the Tehsildar, Deputy SP and CI reached the spot. The local fire brigade was immediately sent and on the instructions of the District Collector, fire tenders from different municipal councils, Hindustan Zinc, Ultratech and other industrial units were called. Water tankers were also arranged from different places. He said that due to combined efforts, around 90 percent of the fire has been brought under control and the situation is now stable.

**Third fire incident in the same tent house in 10 years**

This was not the first fire incident at Kabra Tent House. On March 11, 2016, a fire broke out in the warehouse while food was being prepared and it turned severe. The fire was controlled after nearly eight hours of effort. Most of the tent material stored in the warehouse was destroyed and the loss was estimated at Rs 3 to 4 crore. Around 10 fire tenders and several water tankers were used to control the fire. JCB machines were used to break walls and bring the fire under control. In that incident also, most of the warehouse and the upper floor house were damaged. Later, another fire incident occurred in the same warehouse due to short circuit. However, there was no loss of life in any of the three incidents.

**Local people also helped in firefighting**

During the massive fire incident, local residents also came forward to help. While fire personnel, police, civil defence and administrative teams were continuously working to control the fire, citizens arranged water, cold drinks, snacks and food for the rescue teams. A large number of people did not just stand as spectators but actively joined the relief work. Their cooperation with fire personnel and administration helped speed up the firefighting operation.

## ₹1 Crore Debt, Deadly Fallout: Jaipur Trader Killed by Friend, Body Dumped Near His Home

FAIR REPORT

**Jaipur:** A long-running financial dispute between two friends ended in a chilling murder and an alleged attempt to conceal the crime, sending shockwaves through Jaipur. Harishankar Sharma, a 40-year-old building material supplier, was allegedly killed by his friend Sitaram Khoj over an unpaid debt of nearly 1 crore. According to police, Sharma had lent the money to Khoj for purchasing construction materials. However, repeated delays in repayment had strained the relationship, with the accused reportedly proposing a property deal as an alternative settlement. The two men met at Khoj's yard on Saturday evening to discuss the outstanding amount. What began as a financial confrontation soon spiralled into violence. Investigators say a heated argument escalated into a physical altercation during which Sharma allegedly bit Khoj's finger. In the ensuing scuffle, Khoj kicked Sharma, causing him to fall and strike his head against a door frame. He died on the spot. Police allege that instead of informing authorities, Khoj spent the next two days attempting to dispose of the body. The victim's corpse was tied in sacks and hidden inside a car parked barely 100 metres from Sharma's residence. After Sharma's family filed a missing persons complaint, investigators launched a search operation. Acting on a tip-off, police arrested Khoj on Monday morning and recovered crucial evidence.

### Officers cannot leave headquarters during Rural Service Camps

## District Collector orders, cleaning of drains before monsoon

**No negligence will be accepted in pending cases on Sampark Portal; review of road safety, encroachment and black spot improvements**

FAIR REPORT



**Chittorgarh-** To ensure quick solutions to public problems and improve preparations before the monsoon, the district administration has issued strict instructions to officials. District Collector Dr. Manju directed officers that during Rural Service Camps, they cannot leave their headquarters without permission and must ensure timely resolution of public complaints. She also ordered completion of cleaning work of all drains and small drains in the city before the rainy season. A district-level weekly review meeting was held on Monday under the chairmanship of District Collector Dr. Manju. The meeting reviewed the progress of various departments, arrangements for Rural Service Camps, pending cases on Sampark Portal, flagship schemes, budget announcements and pre-monsoon preparations. The District Collector said that Rural Service Camps started from June 12 in the district will continue till July 15. During these camps, officers and employees of concerned departments should remain present and solve public issues. She clearly instructed that no officer should leave the headquarters during the camp period without prior permission. She directed officials to ensure quality and time-bound disposal of every application received during the camps so that villagers get maximum benefit from government services and schemes.

While reviewing the work of Municipal Council officials, the District Collector instructed that cleaning of all drains and drainage lines in the city should be completed on priority before the rainy season. She said that waterlogging should not occur during rains and regular monitoring of cleaning work should be done.

## 20 quintals of Doda-Post hidden in secret chamber: CBN catches container, driver arrested



**Drug consignment was being taken from Madhya Pradesh to Punjab, hidden space made between tyres; Doda-Post worth more than Rs 25 crore seized**


FAIR REPORT

**Chittorgarh-** As part of the operation against illegal drugs, the Central Narcotics Bureau (CBN) Chittorgarh-2 and CBN Kota team carried out a major action. A container truck was stopped near Dostana Dhaba in Devri village on NH-27, Baran-Kota Road, and 2046.850 kg of Doda powder was recovered. The accused container driver has been arrested and is being questioned. The Deputy Narcotics Commissioner said that CBN had received secret information that a Haryana-numbered container truck was being used to transport Doda powder illegally. It was also informed that a large quantity of Doda-Post was being taken from the Javra-Mandsaur area of Madhya Pradesh to Punjab. Based on the information, a joint team of CBN Chittorgarh-2 and CBN Kota was sent. After keeping watch on the suspected route, the narcotics team stopped the container truck near Devri village on NH-27 in Baran district. During the search, a secret chamber was found between the container and the driver's cabin. The outlet of the chamber, located between the front two tyres, was closed with light welding. After breaking the welding and searching the chamber, 101 bags containing 2046.850 kg of Doda-Post were recovered. The Deputy Narcotics Commissioner said that after completing the legal process, the recovered Doda-Post and container truck have been seized. A person travelling in the truck has been arrested under relevant sections of the NDPS Act, 1985. During the initial investigation, it was revealed that the drugs were being transported from Madhya Pradesh to Punjab. The narcotics team is conducting further investigation into the case. The international estimated value of the recovered Doda powder is said to be more than Rs 25 crore.

## Thieves broke the lock of rented room and stole cash and jewellery worth Rs 40,000

**Money was kept for buying a scooter, daily-use jewellery also stolen; incident came to light after landlord's call**

FAIR REPORT



**Chittorgarh-** Two nursing workers (ANM sisters) living in a rented house in Adarsh Nagar area became victims of theft after unknown thieves broke the lock of their room and stole cash and jewellery. The incident came to light on Saturday morning when the landlord called and informed them that the room lock was broken. When both sisters reached Chittorgarh, they were shocked to see the condition of the room. Items were scattered inside and the cupboard and bags were searched. According to the information, Anita Jat and her sister Sarita, residents of Signaur village in Jhunjhunu district, are working as contractual ANMs in the nursing department. Both sisters have been living on rent on the upper floor of a house behind Calberry School in Adarsh Nagar since November 2024. Anita said that on June 13, she had gone to Sindwada Shambhupura with her sister Sarita to meet her friend Sangeeta Kumari. Both sisters locked the room and stayed there overnight. On Saturday morning, the landlord called and informed them that the room lock was broken. After this, both immediately returned to Chittorgarh. When they reached the room, the main door lock was found broken. The entire room was in a mess. The cupboard and bags had been searched. During checking, they found that a gold ring, two silver rings, two silver bangles, a nose pin and around Rs 40,000 cash were missing from the trolley bag. Anita said that around Rs 40,000 was kept separately for buying a scooter. The jewellery used daily was also kept safely in a separate box. The thieves took away the cash along with the jewellery. She said that the staircase to the first floor is right in front of the main gate of the house. There is only one room on the first floor where both sisters live. It is suspected that the thieves had already done a recce after seeing the lights on downstairs. Finding the room empty, they broke the lock late at night and carried out the theft. The thieves entered the room after breaking the lock and searched the cupboard and bags before stealing the cash and jewellery. The incident has created concern among local residents. After receiving information, Kotwali police reached the spot and inspected the area. Police have started checking CCTV footage from nearby cameras. Investigation is underway to identify and arrest the thieves.

**"12 Years of Trust, Development and Public Welfare" exhibition inaugurated: MP CP Joshi says India has achieved new milestones in development**

**Chittorgarh-** A three-day district-level exhibition based on the public welfare schemes, development works and good governance achievements of the Central and State Government, titled "12 Years of Trust, Development and Public Welfare", was inaugurated on Monday. MP CP Joshi opened the exhibition by cutting the ribbon. District Collector Dr. Manju, Chief Executive Officer of Zila Parishad Vinay Pathak, public representatives and officials also visited the exhibition. MP CP Joshi said that in the last 12 years, the country has made historic progress in infrastructure, social services, digital innovation and institutional development.

Printed And Published By Loveena Wadhwa, Printed at Maharani printers plot no 17, MMA Vishno Nagar Kalwar Road Jaipur, Published at P1 Ambit Sapphire Jyoti Nagar Housing Board, JAIPUR RAJASTHAN 302005• Editor In Chief: Loveena Wadhwa• Editor: Sushil Pal •Managing Editor: Anish Thomas Responsible for Selection of News Under the PRB act. Contact for news or Advertisement Fairreportjaipur@gmail.com